# मथुरा पुलिस

UTTAR PRADESH 112 EMERGENCY

**दिनांक 09.10.2025** **प्रेस नोट** **थाना – नौहझील**

**थाना नौहझील जनपद मथुरा एवं ए0एन0टी0एफ0 ऑपरेशनल यूनिट आगरा की संयुक्त कार्यवाही में अंतर्राज्यीय मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले 02 अभियुक्तगण को अवैध मादक पदार्थ 01 किलो 045 ग्राम हैरोइन (अनुमानित अन्तर्राष्ट्रीय मूल्य 05 करोड 09 लाख रुपये), 01 स्कूटी व 02 मोबाइल फोन सहित किया गया गिरफ्तार।**

थाना नौहझील पुलिस व ए0एन0टी0एफ0 ऑपरेशनल यूनिट आगरा की संयुक्त कार्यवाही से अंतर्राज्यीय मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले 02 अभियुक्तगण 1.वकार उर्फ साहिल पुत्र नईम अहमद उम्र 34 वर्ष नि0- म0न0-24/09 देवीलाल नगर थाना सैक्टर 09 गुरूग्राम हरियाणा 2. फैजान पुत्र मो0 ताजिम उम्र 32 वर्ष नि0 ई 13 सी जे ब्लॉक 245 सीलमपुर थाना न्यू सीलमपुर नई दिल्ली को मोरकी इंटर कॉलेज बाजना के ग्राउण्ड के पास एक्सप्रेस वे अन्तर्गत थाना नौहझील जनपद मथुरा से दिनांक 08.10.2025 को समय 21.50 बजे अवैध मादक पदार्थ 01 किलो 045 ग्राम हैरोइन (अनुमानित अन्तर्राष्ट्रीय मूल्य 05 करोड 09 लाख रुपये), 01 अदद स्कूटी व 02 मोबाइल फोन सहित गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारशुदा अभियुक्तगणों के विरुद्ध थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 272/2025 धारा 8/22/29/60 एनडीपीएस एक्ट 1985 पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गई।

**अभियुक्तगण से पूछताछ का विवरण: -** अभियुक्त वकार उर्फ साहिल एवं अभियुक्त फैजान ने पूछने पर बताया कि हम लोग करीब 08-09 साल पहले गुरूग्राम में ऑटो चलाते थे। वहां आया नगर दिल्ली के रहने वाले अमन नाम के लडके से हम लोगो की जान पहचान हो गयी वह गुरूग्राम में क्लब व बार में ऐजेन्ट के रूप में कार्य करता था वहां क्लब में जाने वाले लोगों को मादक पदार्थ भी देता था तब उसके साथ मैंने भी ये काम शुरू कर दिया फिर उसने मुझे छतरपुर में मन्दिर के पीछे सुमन चौक में रहने वाले एक टी अमन नीग्रो से मिलवाया जिससे मैं व्हाटसअप कॉल पर बात करता हूँ और वह मुझे गली के बाहर आकर माल दे जाता है जिसे मै उसके बताये हुये व्यक्ति के पास पहुंचा देता हूँ, मैंने कभी उसका घर नहीं देखा आज भी मैं ये माल टी अमन नीग्रो से लेकर यहां पहुंचाने आया था जिसे आगरा का कोई व्यक्ति लेने आने वाला था लेकिन आपने मुझे पकड़ लिया।

**अभियुक्तगण द्वारा अपराध करने का तरीका:-** अभियुक्त वकार उर्फ साहिल व फैजान विदेशी नाईजीरियन मूल के निवासी टी अमन नीग्रो के सम्पर्क में आकर अवैध मादक पदार्थ को होटलों, क्लब व बार आदि में नवयुवकों को नशे की लत लगाकर उनको हेरोइन बेचकर अधिक मात्रा में अवैध तरीके से धन अर्जित करते है। अभियुक्तगण द्वारा देश के कई राज्यों (दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, उ0प्र0, म0प्र0, राजस्थान आदि ) में हेरोइन मादक पदार्थ की तस्करी एवं बिक्री की जा रही है। ताज नगरी आगरा में होटलो व क्लब एवं बार हेतु भारी मात्रा में हेरोइन ले जायी जा रही थी जिसे ए0एन0टी टीम व थाना नौहझील पुलिस की संयुक्त कार्यवाही में चेकिंग के दौरान बरामद करने में सफलता प्राप्त की।

**गिरफ्तारशुदा अभियुक्तगण का नाम व पता:-**

1.वकार उर्फ साहिल पुत्र नईम अहमद उम्र 34 वर्ष नि0- म0न0-24/09 देवीलाल नगर थाना सैक्टर 09 गुरूग्राम हरियाणा।

2.फैजान पुत्र मो0 ताजिम उम्र 32 वर्ष नि0 ई 13 सी जे ब्लॉक 245 सीलमपुर थाना न्यू सीलमपुर नई दिल्ली।

**गिरफ्तारशुदा अभियुक्तगण से बरामदगी का विवरण:-**

1.01 किलो 045 ग्राम हैरोइन (अनुमानित अन्तर्राष्ट्रीय मूल्य 05 करोड 09 लाख रुपये)।

2.01 अदद स्कूटी

3.02 अदद मोबाइल फोन

4.06 अदद ए0टी0एम0 कार्ड

5. 01अदद आधार कार्ड।

6.02 अदद मैट्रो कार्ड।

7.2005 रुपये नगद।

8.नेपाल राष्ट्र के 03 नोट एवं ओमान, दुवई, यूएस,लाओस रिपब्लिक व बंग्लादेश का 01-01 नोट।

**अभियुक्तगण की गिरफ्तारी का स्थान, दिनाँक व समय-**

**स्थान-** मोरकी इंटर कॉलेज बाजना के ग्राउण्ड के पास एक्सप्रेस वे अन्तर्गत थाना नौहझील जनपद मथुरा दिनांक - 08.10.2025 समय 21.50 बजे ।

**गिरफ्तारशुदा अभियुक्तगण का आपराधिक इतिहास –**

a)वकार उर्फ साहिल पुत्र नईम अहमदमु0अ0सं0 272/25 धारा 8/22/29/60 एनडीपीएस एक्ट थाना नौहझील जनपद मथुरा

b) फैजान पुत्र मो0 ताजिम

1.मु0अ0सं0 272/25 धारा 8/22/29/60 एनडीपीएस एक्ट थाना नौहझील जनपद मथुरा

2.मु0अ0सं0 426/17 धारा 302 भादवि थाना कृष्णानगर दिल्ली

3.मु0अ0सं0 692/17 धारा 307 भादवि थाना सीलमपुर दिल्ली

**नोट – अन्य राज्यों से अभियुक्तगणों के आपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है।**

**अभियुक्तगण उपरोक्त को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम के सदस्यों के नाम:--**




1.निरीक्षक श्री हरवेन्द्र मिश्रा ए.एन.टी.एफ. यूनिट आगरा।

2.थानाध्यक्ष सोनू कुमार थाना नौहझील जनपद मथुरा।

3.उ0नि0 श्री गौरव शर्मा ए.एन.टी.एफ. यूनिट आगरा।

4.उ0नि0 श्री अंकित कुमार थाना नौहझील जनपद मथुरा ।

5.मु0आ0 सुधीर कुमार ए.एन.टी.एफ. यूनिट आगरा

6.मु0आ0 अजीत कुमार ए.एन.टी.एफ. यूनिट आगरा

7.मु0आ0 लखन लाल ए.एन.टी.एफ. यूनिट आगरा

8.आरक्षी प्रेम नारायन ए.एन.टी.एफ. यूनिट आगरा

9.आरक्षी वसीम अकरम ए.एन.टी.एफ. यूनिट आगरा।

10.आरक्षी 1986 राधा स्वामी थाना नौहझील जनपद मथुरा।

11.आरक्षी 1774 अशद उल्ला खां थाना नौहझील जनपद मथुरा।

12.मु0आ0 चालक मुकेश चन्द्र ए.एन.टी.एफ. यूनिट आगरा।